Title: Need for a special package for overall development of Bihar, particularly Jahanabad district.

श्री अरुण कुमार (जहानाबाद): मध्य बिहार के जहानाबाद जिले में सड़क और सिंचाई हेतु जल प्रबंध की व्यवस्था नहीं के बराबर है। यह क्षेत्र संपूर्ण रूप से उग्रवाद प्रभावित है। सड़क और सिंचाई हेतु जल प्रबंध करने के लिये वहां की राज्य सरकार की कोई भी अहम भूमिका नहीं है। मध्य बिहार में पुनपुन, दरधा, मोरहर, भुतही, फल्गु आदि नदियां हैं जिससे उचित जल प्रबंधन कर सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जा सकती है। इन सभी नदियों में हाईड्रो पॉवर प्लांट प्रोजैक्ट से बिजली पैदा की जा सकती है। भटके हुये युवाओं को काम देकर मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है।

सुरक्षा बल से सिर्फ इलाके में शान्ति और अमन-चैन नहीं लाया जा सकता है। अतः मध्य बिहार के विकास के लिये एक विशो पैकेज देकर विकास के रास्ते को प्रशस्त करें।